महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
*Accredited with 'A' Grade by NAAC*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में नारायण देसाई को श्रद्धांजलि

**वर्धा दि. 26 मार्च 2015: गांधीवाद के श्रेष्ठ वक्ता गांधी जी के निजी सचिव महादेव देसाई के पुत्र नारायण देसाई के निधन पर उन्हें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लोकनायक भवन स्थित अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखकर देसाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।**

**शोक सभा में डॉ. मोदी ने नारायण देसाई के निधन को गांधी जन के लिए बड़ी क्षति बताया। शोधार्थी चंदन कुमार, नीरज कुमार तथा डॉ. मुन्नालाल गुप्ता ने भी उनके योगदान को याद किया। शोक सभा में शैलेंद्र यादव, बृजेश शाक्य, अमृत अर्णव, रवि शंकर, दिलीप कुमार मिश्रा उपस्थित थे।**